**भारत सरकार** **लोक सभा**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** **अतारांकित प्रश्न सं.2441**
**(वाणिज्य विभाग)**

**दिनांक 06 अगस्त, 2024 को उत्तर दिये जाने के लिए**

**गैर-बासमती सफेद चावल का निर्यात**

2441. **श्री जगदम्बिका पाल**:

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उन देशों का ब्यौरा और सूची क्या है जिनके लिए वर्तमान में गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी गई है:

(ख) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान देश से कुल कितनी मात्रा में गैर- बासमती सफेद चावल का निर्यात किया गया;

(ग) क्या गैर बासमती चावल के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को पूरी तरह से हटाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जितिन प्रसाद)**

(क) **:** एचएस कोड 1006 30 90 (अर्ध-मिल्ड अथवा पूरी तरह से मिल्ड चावल, पॉलिश किया हुआ अथवा चमकीला अथवा नहीं: अन्य) के तहत गैर-बासमती सफेद चावल की निर्यात नीति को डीजीएफटी अधिसूचना संख्या 20/2023 दिनांक 20.07.2023 के तहत 'मुक्त' से 'निषिद्ध' में संशोधित किया गया है, तथापि, भारत सरकार द्वारा अन्य देशों को उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए दी गई अनुमति और उनकी सरकार के अनुरोध के आधार पर निर्यात की अनुमति दी जाएगी। तदनुसार, जी2जी व्यवस्था के तहत संबंधित मात्रा के साथ निम्नलिखित देशों को गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी गई है:

**<u>वित्त वर्ष 2023-24</u>**

| **क्र. सं.** | **देश** | **आवंटित मात्रा** |
|---|---|---|
| 1 | भूटान | 79000 मीट्रिक टन |
| 2 | मॉरीशस | 14000 मीट्रिक टन |
| 3 | सिंगापुर | 50,000 मीट्रिक टन |
| 4 | संयुक्त अरब अमीरात | 75,000 मीट्रिक टन |
| 5 | नेपाल | 95,000 मीट्रिक टन |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | कैमरून | 1,90,000 मीट्रिक टन |
| 7 | कोटे डी आइवर | 1,42,000 मीट्रिक टन |
| 8 | गिनी गणराज्य | 1,42,000 मीट्रिक टन |
| 9 | मलेशिया | 1,70,000 मीट्रिक टन |
| 10 | फिलिपींस | 2,95,000 मीट्रिक टन |
| 11 | सेशल्स | 800 मीट्रिक टन |
| 12 | कोमोरोस | 20000 मीट्रिक टन |
| १३ | मेडागास्कर | 50000 मीट्रिक टन |
| 14 | भूमध्यवर्ती गिनी | 10000 मीट्रिक टन |
| 15 | मिस्र | 60000 मीट्रिक टन |
| 16 | केन्या | 100000 मीट्रिक टन |
| 17 | तंजानिया | 30000 मीट्रिक टन |
| **वित्त वर्ष 2024-25** | | |
| 1 | मालदीव | 124218.36 मीट्रिक टन |
| 2 | मॉरीशस | 14000 मीट्रिक टन |
| 3 | मलावी | 1000 मीट्रिक टन |
| 4 | ज़िम्बाब्वे | 1000 मीट्रिक टन |
| 5 | नामिबिया | 1000 मीट्रिक टन |

(ख): विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान गैर-बासमती सफेद चावल की कुल निर्यात मात्रा निम्नानुसार है: -

| वित्तीय वर्ष | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25(अप्रैल-मई) |
|---|---|---|---|---|
| *मात्रा (मीट्रिक टन में)* | 5,219,580.00 | 6,401,157.50 | 2,359,090.50 | 265,873.84 |
| *मूल्य (मिलियन अमेरिकी डॉलर में)* | 2,000.39 | 2,204.05 | 852.53 | 122.70 |

*स्रोत: डीओसी वेबसाइट-* http://10.247.20.200/eidb/

(ग) और (घ): उपयुक्त नीतिगत हस्तक्षेप का आकलन करने के लिए केंद्र सरकार गैर बासमती सफेद चावल के उत्पादन, उपलब्धता और निर्यात परिदृष्य की सघन निगरानी कर रही है।

****